जुलूस | केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा ,कांग्रेस ने निकाला विजय जुलूस

# नीट परीक्षा में धांधली के खिलाफ छात्रों की बड़ी जीत

**कटंगी ,जबलपुर नवभारत ।** नीट परीक्षा में हुई धांधली और पेपर लीक मामले को लेकर दिल्ली के ऐतिहासिक जंतर-मंतर पर समूचे भारत के छात्र-छात्राओं द्वारा किया जा रहा आंदोलन आखिरकार रंग लाया है। देश के युवाओं और छात्र शक्ति के भारी दबाव के आगे झुकते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार (25 जुलाई 2026) को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वीकार कर लिया है। छात्रों की इस ऐतिहासिक जीत और मांगें पूरी होने की खुशी में देश भर के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर भी भारी उत्साह देखा गया।

इस अभूतपूर्व जीत के उपलक्ष्य में आज कटंगी नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा एक



विशाल विजय जुलूसनिकाला गया। यह विजय जुलूस शहर के मुख्य बाजार से गाजे-बाजे और विजय नारों के साथ शुरू हुआ। जुलूस में शामिल कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी।मुख्य मार्गों से पोला तिराहा होते हुए यह रैली बस स्टैंड पर पहुंचकर एक सभा के रूप में समाप्त हुई।

### नेताओं ने कहा- 'यह अहंकार पर छात्र शक्ति की जीत है'

बस स्टैंड पर आयोजित समापन सभा को संबोधित करते हुए जयंत जैन ने कहा, 'यह जीत देश के लाखों उन ईमानदार छात्र-छात्राओं की जीत है जिनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा था। जंतर-मंतर से उठी युवाओं की आवाज ने अंततः निरंकुश सत्ता को झुकने पर मजबूर कर दिया।' नगर और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ताओं ने भी इसे लोकतंत्र और युवा शक्ति की एक ऐतिहासिक सामूहिक जीत बताया और कहा कि कांग्रेस हमेशा छात्रों के हक की लड़ाई में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी।

### कांग्रेस कमेटियों और यूथ कांग्रेस के नेतृत्व में हुआ आयोजन

इस पूरे विजय जुलूस का नेतृत्व जिला युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पंडित राजेश तिवारी ने किया। जुलूस में नगर कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी,जिला यूथ कांग्रेस,महिला कांग्रेस कमेटी के तमाम पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता और सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

# 2 अगस्त को मुनि संघ के सानिध्य में आयोजित होगा चातुर्मास

### कलश स्थापना समारोह

**नवभारत,पनागर।** संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के असीम उपकारों और वर्तमान आचार्य प्रवर समय सागर महाराज के मंगल आशीर्वाद से पनागर नगर में इस वर्ष भव्य चातुर्मास (वर्षायोग) का आयोजन होने जा रहा है। इस दौरान मुनि निर्दोष सागर महाराज, मुनि निर्लोभ सागर महाराज, मुनि निरुपम सागर महाराज, मुनि चिद्रूप सागर महाराज एवं मुनि सुभग सागर जी महाराज का मंगल सानिध्य नगरवासियों को प्राप्त होगा।

इसी पावन श्रृंखला में 2 अगस्त 2026 (दिन रविवार) को दोपहर 1.30 बजे से 'बड़े जैन मंदिर परिसर, पनागर' में भव्य चातुर्मास मंगल कलश स्थापना समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया जाएगा जैन समाज पनागर की सर्वोच्च संस्था श्री दिगंबर जैन प्रबंधकारिणी सभा, पनागर के पदाधिकारियों एवं सदस्य राजेश कटंगा (पंपी),आनंद सिंघई (मिंचू), अभिनंदन चौधरी, विजय जैन,संजय मानव,संतोष चौधरी, पवन लश्गरी,रजनीश चौधरी, सौरभ सिंघई,राहुल मोदी, राहुल बड़कुल ने सभी धर्मानुरागी बंधुओं और सामाजिक जनों से अधिक से अधिक संख्या में पनागर पधारकर मुनि संघ के पावन दर्शन, मंगल आशीर्वाद एवं सानिध्य प्राप्त कर पुण्य लाभ अर्जित करने का भावभरा आमंत्रण दिया है।

### एक नजर में

#### कुएं में गिरे बछड़े की बचाई जान

**चिल्हारी उमरिया।** जिले के मानपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम चिल्हारी के बेल्दी हार क्षेत्र में एक बछड़ा अचानक खुले कुएं में गिर गया। घटना की जानकारी मनोन्स प्रजापति ने दी जनपद सदस्य विजय द्विवेदी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। काफी प्रयास के बाद रस्सियों और ग्रामीणों की सामूहिक मदद से बछड़े को सुरक्षित कुएं से बाहर निकाला गया। बछड़े के सुरक्षित बाहर आते ही वहां मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली और जनपद सदस्य विजय द्विवेदी तथा सभी सहयोगी ग्रामीणों की सराहना की अभी अभी की तत्काल की घटना है।

# राजेश बने कांग्रेस दर्जी कला प्रकोष्ठ के ग्रामीण अध्यक्ष

### कार्यकर्ताओं में हर्ष

**नवभारत,कटंगी।** कांग्रेस पार्टी के संगठन विस्तार और मजबूती के उद्देश्य से आलाकमान के निर्देश पर राजेश झरिया को 'कांग्रेस दर्जी कला प्रकोष्ठ' का जिला ग्रामीण अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति पर क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

इस अवसर पर जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष संजय यादव जी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कटंगी के अध्यक्ष ठाकुर



नेकनारायण सिंह ने राजेश झरिया को इस नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। नेताओं ने उम्मीद जताई है कि राजेश झरिया के नेतृत्व में प्रकोष्ठ ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इसके साथ ही जिला युवा कांग्रेस ग्रामीण के पूर्व अध्यक्ष पंडित राजेश तिवारी जी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कटंगी के मीडिया प्रभारी रीतेश सिंघई ,नगर कांग्रेस कमेटी कटंगी के अध्यक्ष पं. सुरेन्द्र शुक्ला और मंडलम अध्यक्ष क्रमांक 1 मनीष चौरसिया महेंद्र नेमा,रमन सेन,शारदा सेन,लक्ष्मी झारिया सहित अनेक स्थानीय कार्यकर्ताओं ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए नवनियुक्त अध्यक्ष को सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# ढाई घंटे कीचड़ में फंसी रही स्कूल बस, कई बच्चे नहीं जा पाये शाला

**नवभारत,सिहोरा।** पालीवाल कॉलोनी में सड़क नहीं होने के कारण सुबह बच्चों को लेने पहुंची एक स्कूल बस कीचड़ में फंस गई। करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद ट्रैक्टर की मदद से बस को बाहर निकाला गया। इस बीच बच्चे आज स्कूल नहीं जा पाए।

खितौला नगर पालिका के वार्ड क्रमांक-12 स्थित पालीवाल कॉलोनी में मेरिडियन स्कूल की बस (एमपी 20 जेड डब्ल्यू 7033) सुबह करीब 9 बजे बच्चों को लेने पहुंची थी। इसी दौरान दलदल बनी सड़क में बस का पहिया धंस गया और बस आगे नहीं बढ़ सकी। करीब ढाई घंटे की कोशिश के बाद ट्रैक्टर से टोचन कर बस को बाहर निकाला गया। इस कारण बस अपने अन्य निर्धारित स्टॉप तक नहीं पहुंच सकी। बहुत से




बच्चे स्कूल नहीं जा पाए वहीं कई अभिभावकों ने अपने बच्चों को स्वयं स्कूल छोड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि कॉलोनी के इस हिस्से में अब तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है। बारिश होते ही रास्ता कीचड़ और दलदल में बदल जाता है। उनका आरोप है कि हर साल यही स्थिति बनती है और स्कूल बसों सहित अन्य वाहन भी यहां फंसते हैं, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया।

# डंडे से सिर फोड़ कर बेखौफ घूम रहे आरोपी

**चिल्हारी नवभारत 25 जुलाई।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम मुगवानी में कुसुम चतुर्वेदी अपने पति केशव चतुर्वेदी के साथ अपने घर के बगल में बाडी लगा रहे थे, उसी समय पड़ोस में रहने वाले राजेंद्र चतुर्वेदी, वीरेश चतुर्वेदी ने आवेदिका के सिर में लाठी डंडे से वार कर महिला एवं उसके पति दोनों को घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी देते हुए मौके वारदात से फरार हो गए।

घायल अवस्था में दोनों पति-पत्नी पुलिस थाना इन्दवार जाकर अपनी रिपोर्ट लिखाई रिपोर्ट में फरियादिया के



कथनानुसार रिपोर्ट नहीं लिखी गई और न ही किसी प्रकार की कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक से अपील है कि उपरोक्त प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए घटना की विवेचना कराई जाये एवं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कराई जाये।

# पुलिया पर 3 फीट जलभराव से आवागमन ठप

**शहपुरा नवभारत 25 जुलाई।** जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलगांव में शंकरगंज से टिकरा मोहल्ला जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों गंभीर जलभराव की समस्या से जूझ रहा है।

पुलिया के ऊपर बनी नाली बंद होने से पानी की निकासी पूरी तरह बाधित हो गई है, जिसके कारण सड़क पर दो से तीन फीट तक पानी जमा है। इससे स्कूली बच्चों, ग्रामीणों और मवेशियों का आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है तथा हर समय दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

### ग्रामीणों में नाराजगी



बिलगांव निवासी रामखेलावन साहू ने बताया कि छोटे-छोटे स्कूली बच्चों को रोजाना घुटनों तक भरे पानी से होकर स्कूल जाना पड़ता है, जिससे उनकी सुरक्षा को गंभीर खतरा बना हुआ है। ग्रामीण धनेंद्र साहू ने बताया कि मामले की शिकायत ग्राम पंचायत, तहसील कार्यालय तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर भी की जा चुकी है। तहसील से पटवारी द्वारा मौके का निरीक्षण भी किया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

### जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में यह समस्या और विकराल हो गई है। सड़क-पुलिया पर जलभराव रहने से आमजन, विद्यार्थी और पशुओं का निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि नाली को तत्काल खुलवाकर जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराई जाए तथा यदि किसी ने जानबूझकर नाली अवरुद्ध की है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

# दो बाइकों की भिड़ंत में 3 युवकों की मौत,कचंकचनारी के पास भीषण सड़क हादसा

**डिंडौरी, नवभारत 25 जुलाई।** डिंडौरी-मंडला राष्ट्रीय राजमार्ग-543 पर कचनारी गांव के पास शनिवार को हुए भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर इतनी भयावह थी कि तीनों युवकों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार, रामकुमार और प्रेम मलगाम, दोनों ग्राम कुकर्रा के निवासी थे और मोटरसाइकिल से कुकर्रा की ओर से डिंडौरी आ रहे थे। वहीं रोहित साहू डिंडौरी से कठोतिया



की ओर जा रहा था। कचनारी गांव के समीप दोनों बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई।

### पुलिस ने जांच शुरू की

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### तेज रफ्तार हादसे का प्रमुख कारण

प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को हादसे का प्रमुख कारण माना जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है तथा मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और नियंत्रित गति से वाहन चलाने की अपील की है।

# ग्राम पंचायत चन्सुरा चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट

**मानपुर नवभारत 25 जुलाई।** उमरिया जिले के जनपद पंचायत मानपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत चन्सुरा में सीसी रोड भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी। इसकी लागत राशि 3 लाख 69 हजार है। योजना पांचवा राज्य वित्त आयोग स्वीकृति 1 अप्रैल 2025 को मिली थी।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत चन्सुरा के सचिव राजभान मिश्रा के भतीजे वेद प्रकाश मिश्रा हैं और उन्हीं को 72 हजार 680 रुपये का एक बिल, 1 लाख 54 हजार दो सौ पैतालिस रुपये का दूसरा बिल, 72 हजार 6 सौ 90 रुपये का तीसरा बिल, 6 हजार 396 रुपये का चौथा बिल का भुगतान करा दिया गया है।

### मिलीभगत से चल रहा खेल

गाइडलाइन के अनुसार अपने सगे संबंधियों को किसी भी तरह से न तो योजना का लाभ दे सकते हैं और न ही शासकीय भुगतान करा सकते हैं, लेकिन ग्राम पंचायत चन्सुरा के सरपंच, सचिव एवं इंजीनियर की मिलीभगत से सचिव के सगे भतीजे वेद प्रकाश मिश्रा को ही भुगतान करा दिया गया है, जो कि जांच का विषय है।

### जांच की मांग

इस संबंध में ग्राम पंचायत चन्सुरा के सरपंच सचिव एवं इंजीनियर से फोन पर संपर्क कर जानकारी चाहने की कोशिश की गई तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया। कलेक्टर राखी सहाय, जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह ओहरिया से जनापेक्षा है कि ग्राम पंचायत चन्सुरा में हुए भुगतान की जांच की जाए।

### आज तक नहीं लगा निर्माण एजेंसी का बोर्ड




# पड़खुरी में नाली निर्माण कार्य में धांधली का आरोप

**चिल्हारी नवभारत 25 जुलाई।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत अंतिम छोर स्थित ग्राम पंचायतों में किस कदर मनमानी और विकास कार्यो मे धांधली की जा रही है इसका जीता जागता उदाहरण जनपद पंचायत मानपुर की ग्राम पंचायत पड़खुरी एवं ग्राम पंचायत उमरिया बकेली मे देखा जा सकता है।

जिले के अंतिम छोर में स्थित जनपद पंचायत मानपुर की ग्राम पंचायत पड़खुरी एवं गाम पंचायत उमरिया बकेली मे नाली निर्माण कार्य पी एम आवास पशु सेंड सड़क निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता करने का आरोप है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच-सचिव ने स्टीमेट और नियमों को ताक पर रखकर मनमाने ढंग से कार्य करा रहे हैं।

### रेत की जगह किया जा रहा डस्ट का उपयोग

निर्माण कार्यो मे रेत की जगह अधिकांशतः डस्ट का उपयोग जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में न तो तकनीकी मापदंडों का पालन किया गया और न ही भंडार एवं क्रय नियमों का पालन किया गया।इतना ही नही

अव्यवस्था | मझौली में प्रशासनिक बेरुखी की हद : खुले में शव जलाने को मजबूर वार्डवासी, श्मशान घाट के शासकीय बोर पर दबंगों का कब्ज़ा!

# जीवित रहते बुनियादी हक नहीं मिले, मरणोपरांत भी सम्मानजनक विदाई नसीब नहीं



**मझौली नवभारत।** एक तरफ जहां प्रदेश सरकार जन-सुनवाई और त्वरित निराकरण के लंबे-चौड़े दावे करती है, वहीं दूसरी ओर जबलपुर जिले की नगर परिषद मझौली (वार्ड क्रमांक 1) से प्रशासनिक संवेदनहीनता की एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जो पूरी व्यवस्था को कटघरे में खड़ा करती है। यहाँ के रहवासी अपनी बुनियादी ज़रूरतों और सम्मानजनक अंतिम संस्कार के अधिकार के लिए दफ़्तरों के चक्कर काटने को विवश हैं।

विगत 17 जून 2026 को वार्डवासियों ने अनुविभागीय/तहसीलदार महोदया को एक विस्तृत आवेदन देकर गुहार लगाई थी। लेकिन हफ़्तों बीत जाने के बाद भी प्रशासनिक अमला नींद से नहीं जागा है और ज़मीनी स्तर पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

### खुले आसमान तले जलती चिताएं शासन की संवेदनहीनता पर सवाल

वार्ड क्रमांक 1 के ग्रामीणों का कहना है कि जिस भूमि का उपयोग उनके पूर्वजों के समय से पारंपरिक श्मशान घाट के रूप में होता आ रहा है, वह आज भी बुनियादी सुविधाओं से पूरी तरह वंचित है:

### बारिश और धूप में नारकीय हालात

श्मशान घाट में न तो बाउंड्री वॉल है और न ही कोई श्मशान शेड। बारिश के दिनों में जलती चिताओं को तिरपालों से ढकना पडता है या फिर खुले मैदान में गीली लकड़ी और कीचड़ के बीच जैसे-तैसे अंतिम संस्कार करना पड़ता है।

### शासकीय बोर पर निजी कब्ज़ा

श्मशान परिसर में शासन द्वारा जनता के पेयजल हेतु खोदे गए बोर पर कुछ रसूखदार/अज्ञात तत्वों ने अवैध रूप से कब्ज़ा कर रखा है। अंतिम यात्रा में शामिल होने वाले परिजनों और नागरिकों को एक-एक घूंट पानी के लिए तरसना पड़ता है।

### जनता की स्पष्ट मांगें

चकूलाल, अनुसुईयाबाई, चम्मू, गुड्डा, राजा कुशवाहा, लखन, गोपालप्रसाद, मन्नू कुशवाहा, कृष्ण कुमार काछी, सुशील बंशकार, पवन बसोर सहित दर्जनों वार्डवासियों ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि प्रशासन तुरंत निम्नलिखित कदम उठाए।

**तत्काल सीमांकन व निर्माण-** 1. श्मशान भूमि का शासकीय सीमांकन कर बाउंड्री वॉल एवं पक्के श्मशान शेड का निर्माण स्वीकृत किया जाए।

**2. कब्ज़ा मुक्ति व हैंडपंप-** शासकीय बोर को भू-माफियाओं/दबंगों के अवैध कब्ज़े से मुक्त कराकर तुरंत सार्वजनिक हैंडपंप लगाया जाए।

यदि तहसील प्रशासन एवं नगर परिषद मझौली ने जल्द ही इस गंभीर जनसमस्या का संज्ञान लेकर ठोस कदम नहीं उठाए, तो आक्रोशित वार्डवासी शांत नहीं बैठेंगे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि वे तहसील कार्यालय का घेराव करने और उग्र प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### भू-माफियाओं की नज़र और पशुओं का डेरा

बाउंड्री वॉल न होने के कारण यह शासकीय भूमि आवारा मवेशियों का अड्डा बन चुकी है, जिससे आए दिन अतिक्रमण की गंभीर आशंका बनी रहती है। इंसान जीते-जी तो सुविधाओं के लिए तरस ही रहा है, लेकिन दु:ख की बात यह है कि मृत्यु के बाद भी उसे सम्मानजनक विदाई नसीब नहीं हो पा रही। प्रशासन से बार-बार गुहार लगाने के बाद भी कोई सुनने वाला नहीं है।

**पीड़ित वार्डवासी ( मझौली )**